**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर किसान मेले हेतु बड़ी संख्या में व्यावसायिक फर्म करा रहीं पंजीकरण

पन्तनगर। 25 सितम्बर 2023। पन्तनगर विश्वविद्यालय में 13–16 अक्टूबर 2023 को 114वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि इस प्रसिद्ध किसान मेले में स्टाल लगाने के लिए व्यावसायिक फर्मों के पंजीकरण प्रारम्भ हो गये हैं। किसान मेले में देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न उत्पादों की बिक्री हेतु बड़ी संख्या में व्यावसायिक फर्म मेले में अपना स्थान सुरक्षित कराने हेतु पंजीकरण करा रही हैं। मेले में विभिन्न उत्पादों, जैसे कृषि मशीनरी जैसे, ट्रैक्टर, कम्बाइन हार्वेस्टर, पावर टिलर, प्लान्टर, सब–स्वायलर, सिंचाई यंत्र व अन्य आधुनिक यंत्र; कृषि रसायन यथा, कीटनाशी, खरपतवारनाशी व रोगनाशी; उर्वरक; पशु पोषण व पशुचिकित्सा उत्पाद; औषधीय पौध उत्पाद; बीज एवं पौध इत्यादि से सम्बन्धित फर्म अपने स्टाल लगाकर किसानों को अपने उत्पाद की तकनीकी जानकारी देने के साथ–साथ बिक्री भी करती हैं। रबी की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री मेले का मुख्य आकर्षण होता है। इनके अतिरिक्त हस्तकला, ग्रामीण उद्योग, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, घरेलू उत्पाद, सौर ऊर्जा प्रयोग के उत्पाद इत्यादि से सम्बन्धित फर्म भी मेले में अपने स्टाल लगाती हैं। विभिन्न बैंक, कृषि से सम्बन्धित शोध संस्थान, प्रकाशक व अन्य सरकारी व निजी क्षेत्र के संस्थान भी मेले में प्रतिभागिता कर अपनी–अपनी योजनाओं, उपलब्धियों व उत्पादों का प्रचार किसानों व मेले में आये अन्य आगंतुकों के बीच करते हैं।

**निदेशक संचार**